अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ मे कम्प्यूटर विभाग द्वारा चार दिवसीय कार्यशाला 31–03–2015 से 03–04–2015 तक महाविद्यालय के संभाग प्रथम की यू.जी.सी. कम्प्यूटर लेब तृतीय में आयोजित की जा रही है. इस कार्यशाला का उद्देश्य फैकेल्टी डवलेपमेन्ट पोग्राम के अन्तर्गत गैर–शिक्षक कर्मचारियों के सूचना तकनीकी ज्ञान मे वृद्धि करना है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने कहा बदलते हुए तकनीकी युग मे यह बहुत आवश्यक हो गया है कि शिक्षकों के साथ–साथ गैर–शिक्षक कर्मचारी भी नवीन सूचना तकनीकी ज्ञान से अवगत हों. इससे न केवल उनका व्यक्तित्व का विकास होता है बल्कि वे महाविद्यालय के कार्यों को भी कार्यकुशलता पूर्वक सम्पन्न कर सकते है. यह कार्यशाला कम्प्यूटर विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है. कार्यक्रम की अध्यक्षता कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ० सचिन गर्ग ने की और वर्तमान युग में गैर–शिक्षक कर्मियों के लिए सूचना तकनीकी ज्ञान पर प्रकाश डाला. कार्यशाल के अन्तर्गत "कार्यालय स्वचलन" के विभिन्न पहलुओं जैसे डाटा प्रोसेसिग, डाटा रिट्राइवल, डाटा बैक–अप एन्ड रिक्वरी, मेल मर्ज, इत्यादि पर चर्चा हुई. इस अवसर पर मोहिनी वर्मा, रीना मदान, अंकिता व प्रीति गुप्ता उपस्थित थे.